हंसराज कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय

हंस

वार्षिक पत्रिका
2024

PREETI SHAH
B.A. (Hons.) Hindi, III Year

ओइम्! विश्वानि देव सवितुर्दुरितानी परासुव।
यद्भद्रं तन्न आ सुव।।

हे सकल जगत् के उत्पत्तिकर्ता,
समग्र ऐश्वर्ययुक्त, शुद्धस्वरूप,
सब सुखों के दाता, परमेश्वर!
आप कृपा करके हमारे सम्पूर्ण दुर्गुण,
दुर्व्यसन और दुखों को दूर कर दीजिए,
जो कल्याणकारक गुण,कर्म,
स्वभाव और पदार्थ हैं,
वे सब हमको प्राप्त कराइये।

स्वामी दयानन्द सरस्वती

(1824–1883)



महात्मा हंसराज

(1864–1938)

प्रो. (डॉ.) रमा
प्राचार्या, हंसराज कॉलेज

हंसराज कॉलेज ने अपनी गरिमामयी यात्रा के 75 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। स्थापना के अमृत वर्ष में कॉलेज ने अनेक अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से इस अवसर को यादगार बनाने का सफल प्रयास किया है। हंसराज कॉलेज निरंतर विद्यार्थियों की रचनात्मकता को दिशा देने के लिए प्रयासरत रहा है। इस सन्दर्भ में अनेक प्रकार की गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं आदि के आयोजन से विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति का मंच प्रदान किया जाता रहा है।

हंसराज कॉलेज की रचनात्मक परंपरा का एक महत्वपूर्ण पक्ष इसकी वार्षिक पत्रिका 'हंस; भी है। 'हंस' एक बहुभाषी पत्रिका है। हिंदी, अंग्रेज़ी और संस्कृत भाषाओं की रचनाएँ इसमें प्रकाशित की जाती हैं। साहित्य की विविध विधाओं कविता, कहानी, लेख, संस्मरण आदि के माध्यम से हंसराज कॉलेज परिवार के सदस्यों की रचनात्मकता को प्रकाशित कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को सामने लाने की दृष्टि से यह बेहद महत्त्वपूर्ण है। हंसराज कॉलेज की अब तक की यात्रा में 'हंस' निरतंर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यह कॉलेज के युवा विद्यार्थियों के साथ ही रचनात्मक लेखन में रूचि रखने वाले प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए भी एक विशेष मंच है। इसमें छात्र और प्राध्यापक दोनों की रचनात्मकता एक साथ उद्घाटित होती है। इसके माध्यम से लेखन के क्षेत्र में नए लोगों को एक बेहतरीन मंच तो मिलता ही है साथ ही निरंतर लेखन की प्रेरणा और प्रोत्साहन भी मिलता है। विद्यार्थी जीवन में कॉलेज की पत्रिका में अपनी रचनाओं के प्रकाशन से जो विशेष आनंद प्राप्त होता है उसकी अनुभूति प्रायः हम सबको है।

हंसराज कॉलेज की पत्रिका में प्रकाशित होने वाले अनेक विद्यार्थी आगे चलकर साहित्य, सिनेमा, मीडिया, कला आदि क्षेत्रों में अपना विशिष्ट मुकाम हासिल करते रहे हैं। ये सभी आज अलग-अलग क्षेत्रों में जिस तरह सफलता की चोटी पर खड़े हैं उसमें हंसराज कॉलेज और 'हंस' पत्रिका में उनकी रचनात्मकता के प्रकाशन का विशेष योगदान है।

कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'हंस' इस वर्ष का अंक आपके सामने है। इस अंक में परम्परागत स्वरुप और नए भावबोध से युक्त विशिष्ट रचनाओं को शामिल किया गया है। इसके साथ ही पेंटिंग आदि का भी सुंदर संयोजन किया गया है। इस अंक में प्रकाशित होने वाले विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। 'हंस' के इस अंक के संपादक मंडल को भी मैं हृदय से बधाई देती हूँ और सभी रचनाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

डॉ. विजय कुमार मिश्र
संयोजक, प्रकाशन समिति

हंसराज कॉलेज की सुदीर्घ और गौरवशाली यात्रा में हमारी वार्षिक पत्रिका 'हंस' का विशिष्ट स्थान है। इसके माध्यम से देश-दुनिया के सम्बन्ध में हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अनुभव, दृष्टिकोण और संवेदनाएँ विविध साहित्यिक विधाओं के माध्यम से प्रकाशित होती रही हैं। उनकी भावनाओं, विचारों, रचनात्मकता आदि के प्रकटीकरण का एक बेहद शानदार मंच है 'हंस'। इसके माध्यम से समय-समय पर विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए चित्र आदि के माध्यम से भी उनके भाव को विस्तार मिला है। कक्षाओं की औपचारिक शिक्षा प्रणाली और नियमित पाठ्यक्रम के मध्य इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण सिद्ध होते हैं।

संपादक मंडल ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता को कविता, कहानी, लेख, समीक्षा, चित्र, फ़ोटोग्राफ आदि के माध्यम से 'हंस' के इस अंक में आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। इसमें प्रकशित हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत तीनों भाषाओं की रचनाएं हंसराज कॉलेज के विद्यार्थियों की भाषाई और रचनात्मक विविधता का द्योतक है। रचनाएं आमंत्रित करने से लेकर, उनके चयन, प्रूफ और संपादन आदि की दृष्टि से संपादक मंडल के सदस्यों ने जो श्रमसाध्य कार्य किया है, वह अभिनंदनीय है। 'हंस' का प्रकाशन हमारे संपादक मंडल के सदस्यों के साथ ही प्रशासनिक कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं था। ऐसे सभी लोगों का हृदय की गहराईयों से आभार।

कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने हमेशा की तरह इस बार भी समुचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से इस अंक को अंतिम रूप देने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके लिए प्राचार्या महोदया का विशेष धन्यवाद।

आशा है 'हंस' का यह अंक आप लोगों को पसंद आएगा और आपकी रचनात्मक संतुष्टि की दृष्टि से भी यह बेहद उपयोगी सिद्ध होगा।

प्रकाशन समिति

डॉ. विजय कुमार मिश्र (संयोजक)

सुश्री माधवी मोनी

डॉ. प्राची देवरी

श्री आशुतोष यादव

डॉ. नीलाक्षी एन. के. बोरा

डॉ. सविता

डॉ. तेजवीर सिंह

PREETI SHAH
B.A. (Hons.) Hindi, III Year

हिंदी खंड

संपादक

डॉ. नीतू शर्मा

छात्र- संपादक

सुमित कुमार चौरसिया
शिवम यादव

विषयानुक्रमणिका

1. एक लड़का हूँ / खुशबू पाल ---- 10
2. ईश्वरीय प्रेम / मयंक ---- 10
3. एक नारी / भूमिका चौधरी ---- 11
4. तूफानों की ओर चली / अक्षिता कौशिक ---- 11
5. राम धुन / नितिश कुमार ---- 12
6. बचपना / बलजीत सिंह ---- 12
7. दिल्ली विश्वविद्यालय की अनोखी दोस्ती / धर्मेंद्र कुमार पाल ---- 13
8. एक रोचक यात्रा / आयुष श्रीवास्तव ---- 14
9. मेरे समय का साहित्यकार / राजवर्धन ---- 16
10. यातना और सहायता / निखिल श्रीवास्तव ---- 17
11. वक्त / अखिल जायसवाल ---- 19
12. इश्क / देवांश पुरोहित ---- 19
13. निरुत्तर / आशुतोष सिंह ---- 20
14. बातें / ऐशी मांडल ---- 20
15. इत्तफाक / पीयूष शाही ---- 21
16. बाबा कैसे करते थे / सलोनी भारती ---- 21
17. दर्द / रुद्र प्रताप सिंह ---- 22
18. मन:स्थिति / विकास ---- 22
19. अफजल का वध / हर्ष यादव ---- 22
20. पर्यावरण, मानव और विज्ञान / नितिन निहाल ---- 23
21. तिलिस्मकारी / आयुष आव्रत ---- 24
22. आधार / सारांश मिश्रा ---- 24
23. कुछ था जो अब नहीं रहा / विनम्र शर्मा ---- 25
24. अपने नगर / युगांश शर्मा ---- 25
25. सिया राम / गरिमा राघव ---- 26
26. सुबह / जयप्रकाश ---- 26
27. मरजाद की विरासत / आशीष कुमार ---- 27
28. माँ / युगांश शर्मा ---- 27
29. ये शहर मुझे पसंद नहीं / पल्लवी चौहान ---- 27

एक लड़का हूँ

खुशबू पाल
बी.ए. हिन्दी (विशेष) प्रथम वर्ष

लड़का हूँ, जिम्मेदारियां
बेहिसाब रखता हूँ
मुश्किलों में भी चेहरे पे मुस्कान रखता हूँ।

अपने सपनों को अंजुल में छुपाकर,
परिवार का सरोकार रखता हूँ।

हमारी भी ख्वाइशे है जिन्दगी से,
पर सब दिल में दबाकर रखता हूँ।

हमें भी मोहब्बत की तमन्ना है,
पर जज्बात सारे छुपाकर रखता हूँ।

हो ना जाए किसी को खबर,
इस डर से मुस्कान बेमिसाल रखता हूँ।

ईश्वरीय प्रेम

मयंक
बी .ए. इतिहास (विशेष)

ईश्वर है,ईश्वर क्या है
ईश्वर, ईश्वर नहीं है,
ईश्वर कहीं प्रेम ही तो नहीं है
अदृश्य, अपरिभाषित, निराकार है,
फिर भी सभी दिलों में साकार है।
कभी प्रकट होता है इश्क़, ममता, सौहार्द्र में,
कभी छुप जाता है घृणा, क्रोध, हिंसा की आड़ में।
ईश्वर, प्रेम ही तो है।

प्रेम अबाध्य है, असाध्य है,
प्रेम समर्पण होते हुए भी आज़ादी है,
मन की गति सा तीव्र है,
भावनाओं का बेहता हुआ नीर है।

जहाँ मौजूद है, ख़ुशी,
जहाँ गायब, वहाँ आतंक
वहाँ खुद में भी है, खुद से भी होता है,
ईश्वर, प्रेम ही तो है।

प्रेम बहुरूपी होते हुए भी एक है,
सदैव सरल व नैतिक बनाता,
सम्मान करना, परिवर्तन लाना सिखाता।
आखिर प्रेम ही तो दुनिया चलाता
नयी उत्पत्ति कराता, सबको बचाता
ईश्वर, प्रेम ही तो है।

प्रेम रहस्यमयी है, समय माँगता है,
कभी शर्माता, कभी खिल खिलाता है,
कभी रुलाता, कभी हँसाता है,
रोके नहीं रुकता है, जितना छिपाओ उतना दिखता है,
कभी प्रत्यक्ष, कभी अप्रत्यक्ष।
क्या आजतक कोई सच्चा प्रेम पाया है?
ईश्वर, प्रेम ही तो है।

किताबों, कविताओं, कहानियों में
मुझमें-तुझमें समाया
असंभव को संभव करता,
वही अकेला सत्य, वही ज्ञान,
वही प्रकट, वही अदृश्य,
सबमे मौजूद, कभी मिराज,कभी विश्वास
ईश्वर, प्रेम ही तो है।

प्रेम अजूबे करवाता,
कहीं मांझी से पहाड़ कटवाता,
कहीं जल में सेतु, तो कहीं ताज़ बनवाता।
प्रेम सबका एक नहीं, पंथ नहीं, समुदाय नहीं,
प्रेम एक ही है, फिर भी सबका अपना-अपना है,
प्रेम एहसास है, वही धर्म है, वही ईश्वर है।
उसे संजोना, दिल में बसाना,
फिर भी आज़ाद छोड़ना,
सच्चा प्रेम ईश्वर है।
ईश्वर, प्रेम ही है।

एक नारी

भूमिका चौधरी
बी.ए. हिन्दी (विशेष) तृतीय वर्ष

आबरू तुम्हारे हाथ में,
हो घर की तुम फुलवारी,
छिपके रहना, बाहर न जाना, हँसेगी दुनिया सारी,
ना पिंजरे की चिड़िया ना खुटे की हूँ बकरी,
हाँ मैं हूँ एक नारी।

रसोई के हो या चूल्हे, हो दफ्तर या हो न्यायालय,
रानी लक्ष्मीबाई हो या सावित्री बाई फुले हो,
हर क्षेत्र में योगदान है भारी,
जी हाँ! मैं हूँ एक नारी।

ना शर्मा जी की बेटी, ना चिंटू की बहन,
है मेरी खुद की एक पहचान,
ना नारायण की लक्ष्मी, ना हूँ शिव की गोरी,
सर्वप्रथम मैं हूँ एक नारी।

डंका पीटे स्त्री वंदन का, मन में बातें खारी,
क्या खूब है क्या खूब है, समाज के अधिकारी,
सब करो, धीरज धरो, अब है मेरी बारी,
करनी है नष्ट पितृसत्ता की बीमारी,
क्योंकि मैं हूँ एक नारी।

तुमने रोका, तुमने टोका, समझा मुझे बेचारी,
प्रयास हुए विफ़ल तुम्हारे, जीत हुई हमारी,
बैठ गया गीदड छुपके, जब शेरनी दहाड़ी,
जी हाँ मैं हूँ एक नारी।

तूफानों की ओर चली

अक्षिता कौशिक
बी .ए. हिन्दी (विशेष) प्रथम वर्ष

भांप हवा की दिशा को उल्टी,
एक चिड़िया उसकी ओर चली।

आंधी का गिरेबान पकड़ने,
वो साहस लिए पुरज़ोर चली।

वो लड़ी, थकी पर रुकी नहीं,
वो गिरी, उठी पर झुकी नहीं।

एक स्थूल अभीष्ट निज मन में लिए,
रग रग में भर वो परवाज़ चली।

कठपुतली जैसे बिन डोरी हो,
कुछ वैसे अंतस की आस चली1

भांप हवा की दिशा को उल्टी,
एक चिड़िया उसकी ओर चली।

राम धुन

नितिश कुमार
बी .ए .हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

स्वागत लागी दुअरा सजल बा
बाजे सगरो बधाई, अवध में आवे ला रघुराई।
अवध में आवे ला दोउ भाई,
अवध में आवे ला रघुराई।
देखे खातिर आँख तरसे मनमा खुश होई जाई,
लंका विजय कर राम जी आवथ,
साथ में सीता माई, अवध में बाजे सगरो बधाई।
अवध में आवेला दोउ भाई...। आँख

नल - नील और अंगद आवें,
निषादराज भी भाई,
स्वर्ग से सुंदर लगे अयोध्या,
सब राम में हुई जाई।
अवध में आवे ला दोउ भाई, अवध में आवे ला रघुराई।

पुष्पक चढ़ विभीषण आवें,
साथ में सुग्रीव भाई,
बजरंगबली आवत अयोध्या, भगवा ध्वज लहराई।
अवध में आवेला दोउ भाई,
अवध में आवेला रघुराई...।

दुखियन के सब दुख हर लिहें, मोरे राम रघुराई,
रामराज फिर अईहें भईया,
सब मंगल होई जाई, अवध में आवेला रघुराई।
अवध में बाजे ला शहनाई,
अवध में आवे ला दोउ भाई।

बचपना

बलजीत सिंह
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

बचपना कटाक्ष अर्थ इस शब्द का
इतना भारी पड़ गया है
इसके मूल अर्थ पर
कि स्वाभाविकता स्वीकारने से संकोच होने लगा है।
अरे भाई!
बच्चे तो बचपना करेंगे ही
यह कह कर भी हम लेते हैं
उनकी पल पल परीक्षा
कभी धैर्य की, कभी संतोष की,
कभी स्वार्थ की, और भी कई।

खींचते है टांग, चुस्की लेते है
चाचा मामा और पड़ोस के अंकल
और इस सब में लाद देते हैं
उनके नाज़ुक कंधो पर
समझदारी का बस्ता;
निकल जाता है बचपन उन मुरझाए मासूमों का
चंचलता और सहज व्यवहार
की डगर पर संतुलन बनाते बनाते।

अब होने को तो सही भी हो यह सीख,
पर ये तरीके,
छोड़ जाते है बनावटीपन की दीमक
जो उम्रभर कुरेदती है विश्वास और सच्चाई को
यही है बचपना।

दिल्ली विश्वविद्यालय की अनोखी दोस्ती

धर्मेंद्र कुमार पाल
बी. ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले दो दोस्त राजेश और नेहा आर्ट फैकल्टी में बैठे बातचीत कर रहे हैं। दोनों दोस्त ऐसे है कि उन्हे कोई यह नहीं समझ सकता कि लड़का और लड़की बिना स्वार्थ के अच्छे दोस्त बने हैं, जिसे भारतीय समाज कभी स्वीकार नहीं कर पाता। दोनों देश विदेश, सामाजिक समस्याओं, कॉलेज पर विचार विमर्श कर रहे थे तो एकदम से नेहा को ख्याल आया या कुछ सोच विचार किया और फिर राजेश से पूछा क्या तुम मेरे घर चलोगे ? राजेश सोच में पड़ गया कि क्या जवाब दूँ ? क्या उसके घरवाले इतने समझदार होगे कि हमारी दोस्ती को समझ सके? लेकिन जैसा भी हो उसने अपनी अंतर्रात्मा से सोचकर कि यह दिल्ली है जो कि देश की राजधानी है और उसके घरवाले नौकरी में है तो समझदार होगे इसी वजह से हाँ कर दिया था।

नेहा ने एक दिन पहले अपनी माँ से पूछा था कि क्या मम्मी मैं अपने दोस्त को घर ला सकती हूँ? जो बहुत समझदार है और हम आपस में पढ़ाई भी करते हैं। उसकी माँ ने हाँ इसलिए कर दिया था क्योंकि उसे लगा कि वह किसी लड़की की बात कर रही है, समझने में दिक्कत हो गई थी। बात यह थी कि नेहा के भाई नहीं थे तो उसकी उससे लड़के की शैली में बात करती थी और लड़की भी लड़के की तरह जैसे मम्मी मैं आज स्कूल नहीं जाऊँगा। माँ का हाँ कहना इसी शैली का परिणाम था। अगर माँ को यह शैली भ्रमित न करती तो माँ उसे हाँ भी नहीं बोलती।

आज सुबह जब नेहा कॉलेज जाने के लिए तैयार हो रही थी तो उसने अपनी माँ से कहा था कि "आज मेरा दोस्त आयेगा, घर में साफ सफाई कर लेना और कुछ नाश्ते पानी की भी व्यवस्था कर लेना। अब नेहा और राजेश शाम को कॉलेज की पढ़ाई-लिखाई के विषय में विचार-विमर्श करते हुए नेहा के घर जा रहे हैं। विश्वविद्यालय से मेट्रो पकड़कर आधे घण्टे में घर पहूँच गए। जब नेहा ने घर की घंटी बजाई तो माँ ने बाहर आकर नेहा के साथ एक लड़के को देखा तो उनका दिमाक़ 360 डिग्री घूम गया। माँ इस सोच में पड़ गई कि मेरी बेटी इतनी बर्बाद कैसे हो सकती है जो हमेशा स्कूल में टॉप करती आई है। उसे दिल्ली विश्वविद्यालय पर क्रोध इसलिए आ रहा है कि यह विश्वविद्यालय कौन सी शिक्षा दे रहा है जो मेरी बेटी बर्बाद हो रही है। खैर जो भी हो जैसे तैसे नेहा की माँ अपने दिमाक़ को शांत करके उस लड़के से नमस्ते करके और बनावटी मुस्कान से अंदर प्रवेश करने के लिए कहती है। उसके लिए पानी लाया जाता है। राजेश इसलिए बेचैन है कि उसकी माँ परेशान दिख रही है। उसे लग रहा है कि कहीं कोई गलती तो नहीं कर दी उसने, कहीं अमीरी-गरीबी का फर्क तो नहीं। फिर भी वह समन्वय करने की कोशिश करता है। पहली बार कहीं ऐसे मेहमान बनकर गया है। घरवाले तो उसे बिल्कुल भी इज्ज़त नहीं देते थे, उन्हें लगता था कि ये लोगों से बात नहीं कर पाएगा। खैर जो भी हो वह आंटी से हालचाल पूछता है और उसकी बेटी की प्रशंसा करता है, जिससे कि कुछ माहौल में सुंदरता बढ़े।

नेहा की माँ चाय बनाने रसोई चल देती है और नेहा भी उसके पीछे पीछे क्योंकि नेहा को पता है कि राजेश ज्यादा मीठी चाय पीता है और उसके घर में कम मीठी चाय बनती है। माँ ने नेहा से कान लगाकर पूछा " बेटा सच सच बता ये सब कब हो गया ? और मुझे बताया भी नहीं अगर पापा को पता चल गया तो क्या होगा? " नेहा ने माँ को समझाया कि हमारी दोस्ती ऐसी नहीं है जैसा कि आप सोच रही है। हम दोनों पढ़ाई लिखाई की बाते करते हैं। राजेश ऐसा नहीं है, बेचारा बहुत शांत स्वाभाव का है। जैसा भी हो राजेश ने सुन लिया क्योंकि रसोई के पास ही बैठक था। वह सोच में पड़ गया कि अगर ऐसी बात थी तो वह नहीं आता, उसे नेहा ने क्यों बुलाया? लेकिन वह यह भी जानता था कि नेहा सामाजिक बुराईयों का विरोध करती तो हो सकता है बात बिगड़ जाती, इसलिए वह अपने घर पर परीक्षण करके देखना चाहती हो। अब राजेश चाय नाश्ता करके वहाँ से अपने रूम तो चला गया लेकिन वह इस बात को लेकर चिंतित है कि अगर दिल्ली जैसे महानगर में ऐसी सोच के लोग रहे हैं तो वह

फिर अपने घर के लोगों से इतनी आशा क्यों रखता था कि उसके घर के लोग जाति-पाति, छुआछूत, लड़का लड़की आपस में बात नहीं कर सकते ऐसी अनेक कुरीतियों से मुक्त हों। जिस घर में, गांव में सुबह से ही धर्मगुरु के चरणों को स्पर्श करके शुरुआत होती है, उस गुरु पर इतनी आस्था रखी जाती है कि वह कुछ भी कहे सत्य मान लेना है। वहीं सब कुछ जानते हैं, उन्हें ही भगवान ने सारा ज्ञान दे रखा है। ऐसे परिवेश में इतनी समझदारी की आशा रखना प्रायः निरर्थक है। अब जो भी हो राजेश को अपने घर पर, अपने गांव के प्रति इतना क्रोध नहीं है। वह जब घर से दिल्ली पढ़ने निकला था तो उसकी इच्छा थी कि वह एक दिन गांव में क्रांति ला देगा, जैसे कि बड़े बड़े शहरों में होता है। लेकिन आज महानगर की वास्तविक दशा को देखकर शांत चित्त पड़ा है। अब वह गांव में क्रांति लाने की बात कैसे सोच सकता है? अंदर बेचैनी बढ़ती जा रही है। आज पूरी रात जगराता किया क्योंकि चिंता की हद सीमा से परे थी। सुबह सात बजे भी वह उसी अवस्था में चित्त पड़ा था, जैसे रात को नौ बजे।

जब सुबह नेहा का कॉल आया कि कॉलेज चलना है, तब वह भी थोड़ा सा हिला पर वह कॉलेज जाने की बात तो भूल ही गया था। जल्दी से तैयार होकर कॉलेज के लिए निकल पड़ा, रास्ते में ही नाश्ता किया। आज सुबह जब नेहा और राजेश कॉलेज में मिले तो दोनों में एक अंतराल की खाई नज़र आ रही थी। दोनों एक दूसरे को जानते हुए भी अंजान नज़रों से बातचीत कर रहे थे। नेहा भी परेशान थी कि राजेश को माँ का व्यवहार अच्छा नहीं लगा होगा। उसे लग रहा था कि राजेश और उसके बीच एक खाई पैदा हो गई तो उसे दूर करना मुश्किल हो जायेगा। जो भी हो नेहा ने राजेश को प्रसन्न करने के लिए पूछ ही लिया था कि कल का दिन अच्छा रहा न लेकिन आज राजेश की मुस्कराहट में बनावटीपन साफ नज़र आ रहा है।

नेहा ने राजेश से पूछ ही लिया था "आज इतने परेशान क्यों दिख रहे हो? आंखों में लाल पारा भी चढ़ा है, क्या बात हो गई?" राजेश ने फिर बनावटी मुस्कराहट से जवाब दिया "मुझे कल आपके घर जाकर बहुत अच्छा लगा, आपकी मम्मी का स्वाभाव बहुत अच्छा है, मेरा स्वागत भी बढ़िया किया गया, मजाक में मैं तो इतने सम्मान का हकदार भी नहीं था।"

नेहा को ये जवाब सुनकर समझ आ गया था कि कल की वो बात उसे परेशान कर रही है। उसने राजेश को समझाया कि हम तो समझदार है ना, दुनिया से क्या लेना देना, समाज तो गलत सोचता ही है। मेरी माँ भी बात तो बहुत अच्छी किया करती थी, उनकी बातों से लगता था कि शायद वो अन्य लोगों से अलग है, लेकिन जब खुद को बात आई तो उनका वास्तविक चेहरा भी नज़र आ गया। कहना आसान होता है, लेकिन खुद लागू करना बहुत मुश्किल। अब जो भी आपके साथ हुआ उसके लिए मैं क्षमा माँगती हूँ। हम तो समझदार है न, आप पीछे की बात को भूल जाओ।

एक रोचक यात्रा

आयुष श्रीवास्तव
बी. ए. दर्शनशास्त्र (विशेष) द्वितीय वर्ष

हॉस्टल से घर आने के लिए रवाना हुआ तो सोचा इस बार मेट्रो से नहीं मोटरसाइकिल से स्टेशन तक जाता हूँ, क्या कहें कि चांदनी चौक की गलियों से निकलने में उतना ही वक्त लगता है जितना मेरे पिताजी का मोटरसाईकिल स्टार्ट करने के बाद पहले गेयर से दूसरा गेयर बदलने में। दिल्ली स्टेशन के बाहर बहुत भीड़ थी और उधर ही कोने में एक रेलिंग से टिक कर एक बूढ़ा बाबा अपने पास चार केले लिए बैठा हुआ था। एकाएक एक बंदर पीछे से आया और उसके केले उठा के भाग गया। अब वह बूढ़ा बाबा क्या उठता, कहां भागता, सो चिल्ला कर रह गया। मैंने भी सोचा कैसा बेशर्म बंदर था। और फिर दूसरा ख्याल था कि अगर बंदरों में शर्म होती तो क्या इंसान बनते। आगे बढ़कर ट्रेन की चारों ओर से बंद कोच में ही पूरी रात बसर करनी पड़ी। अपने बैग को जैसे तैसे ऊपर वाली बर्थ पर चढ़ाकर मैं भी सकुशल चढ़कर बैठ गया। जब कभी अपने को चढ़ता देखते हो और आप बग़ैर फिसले एक बार में सफ़ाई से मुक़ाम हासिल कर लें तो ख़ुद को बछेंद्री पाल समझना मैं जायज़ ही समझता हूँ। शुरुआत में ज़रा टेंशन तो थी कि इतना बड़ा सफ़र कटेगा कैसे, मगर फिर मैंने फ़ोन खोला

और कैलकुलेट किया कि आधी वेब सीरिज़ तक झांसी पहुंच जाऊँगा। 20 मिनट ही हुए थे कि फ़ोन मेरे हाथ से छूटकर मेरे मुँह पर आ गया और मुझे एहसास हुआ कि मैं सो गया था। चोरी के डर से फ़ोन को जैकेट की अंदर वाली पॉकेट में डाला और पुन: सो गया। बीच में स्टेशन के छूट जाने के डर से तीन चार बार झटके से उठा तो सही मगर एक भी बार अंदाज़ा सही नहीं था। ख़ैर आ गया झांसी। यहां से उरई के लिए दूसरी ट्रेन पकड़नी पड़ती है। 2 घंटे का सफ़र है। सूरज भी उफ़क़ पर था। चांदी सी रोशनी से भरे बादल छाए हुए आसमान में और भीनी भीनी ठंडी हवा इसके साथ घर वापसी का भाव, इन सब ने मुझे रोमांचित कर दिया। लंबा मुँह करके और आसपास के लोगों को गहरी निगाहों से देखकर आगे उरई की ट्रेन की ओर बढ़ने लगा। मानो किसी कहानी का कोई मुख्य किरदार, जो इश्क़ में नाकाम रहा अब अपने आप को अकेला करने कहीं बहुत दूर किसी दश्त में आवारा होने जा रहा है। यह सफ़र भी मुकम्मल हुआ। अपने शहर में पहला क़दम एक उल्लास से भर देता है। 'अपना शहर' में 'अपना' शब्द का भाव शहर से दूर रहकर ही आता। ट्रेन से उतरते ही गहरी सांस ली बैग कंधे पर रखकर बढ़ गया। प्लेटफार्म पर कई बेघर सोए हुए थे। एक अच्छी बात थी कि उन सब पर कंबल डाले थे। उन कंबलों पर बड़े अक्षरों में दान करने वालों का नाम आप बड़ी आसानी से देख सकते हैं और उन्हीं कंबलों के एक कोने में कुत्ते के बच्चे अपना मुँह छुपाए लेटे थे। सुबह के 4:00 बजे थे और रिक्शा मिलने की तो कोई उम्मीद ही नहीं थी।

किसे कॉल करके बुलाऊंगा यही सोचते सोचते निकल रहा था कि निकास पर टी.सी. दिख गया। मैंने टिकट निकालने का सोचा मगर उसने मुझे ऐसे जाने का इशारा किया और इतनी ज़हमत भी नहीं करनी पड़ी। शायद मेरे भद्र कपड़े या मेरा मुँह का नक्शा बताता हो कि मैं कानून का उल्लंघन नहीं कर सकता। मगर हक़ीक़त में मेरे पास टिकट था नहीं। ख़ैर आगे बढ़ा तो देखता हूँ कि 4:00 बजे भी रिक्शे वालों का जमावड़ा था। उनमें से एक मुझे पकड़ कर अपने रिक्शे में ले गया। कुछ समय में रिक्शा भर गया और हम रवाना हुए। सिर उठा के मैंने रास्ता देखा तो मेरी नज़र पड़ी कि पूरी राह "विजय चौधरी (पूर्व चेयरमैन) के होर्डिंग्स से भरी पड़ी है। ख़ैर यह तो कोई नई बात नहीं है। कई सालों से उरई के पेड़, पेड़ों की शाखें; तालाब, तालाब के किनारे रखी कुर्सियाँ; रोड और उस पर लगे खंभे; गलियाँ और गलियों के मकान और अब तो ज़मी हो आसमां भी 'विजय चौधरी' के पोस्टरों से भरे रहते हैं। कई साल पहले यह चेयरमैन बने थे और तब से लेकर अब तक हमारी आंखों का पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। मौसम आते हैं, मौसम जाते हैं, मगर ये शख़्स "आपका हमारे शहर में स्वागत है" करना नहीं छोड़ते। ना तो उनकी दाढ़ी का रंग बदलता है और ना ही खंभे से नीचे उतरने की तमन्ना होती है। इनके जज्बे को सलाम करूँ या इनके निहायती नालायक पन पर तरस खाऊं। आख़िर कोई इतने सालों 'पूर्व चेयरमैन' बनकर कैसे टंगा रह सकता है। कोई पूछे कि क्या करते हैं तो कहते होंगे: "हम दरअसल स्वागत करते हैं"। ख़ैर नई बात यह हुई कि महाशय 'भाजपा' में सम्मिलित हो गए हैं। किसी ज़माने में 'बसपा' के पुराने खिलाड़ी अब 'भाजपा' के आदरणीय सदस्य है और सम्मान का पात्र है। आख़िर क्यों न हो, अपनी राजनैतिक सोच और अपना मक़सद बदलना आसान थोड़ी है। 'भाजपा' की इंक़लाबी दौड़ में शामिल होने के लिए कितना जज़्बा लगा होगा और सबसे मुश्किल होगा अपनी ही पार्टी के ख़िलाफ़ खड़े होकर उसकी ख़ामियाँ गिनवा कर अलग होना। मैं तो बहुत ही प्रभावित हुआ और पूरे रास्ते देखता आया कैसे 'भाजपा' के उभरते हुए सितारे 'आपका' मजबूत नेतृत्व और अडिग स्वाभिमान की क्षत्रछाया पा कर आनंदित हुए जाते हैं।हर प्रकार के युवा नेता पार्टी अध्यक्ष, समिति अध्यक्ष, युवा नेताओं के युवा अध्यक्ष और उनके भी अध्यक्ष, पार्टी प्रधान, युवा नगर अध्यक्ष, युवा मोहल्ला अध्यक्ष, अधिपति, सभापति, श्रीपति, स्वामी पति, श्रीमती और तमाम पार्टी मुख्य हमारे पूर्व चेयरमैन को उनकी पार्टी में शामिल होने की बधाई एवं धन्यवाद करते हुए हर कण हर कोने पर अपनी होर्डिंगस लगवाए हुए हैं।विजय चौधरी पूरे रास्ते हमसफ़र रहे। स्टेशन से मेरा घर 5 से 6 कि.मी. दूर है। रिक्शे से उतरकर उसे 20 का नोट दिया और पांच वापस लेने के लिए खड़ा रहा। और सिक्का लेकर घर की ओर निकल गया। दिमाग कई उधेड़बुन में था। घर आ गया मैंने घंटी बजाई माँ ने अंदर से आवाज लगाई 'भैया' तो मैंने पलट के जवाब दिया 'हां मम्मी' दरवाज़ा खुला तो सामने वह खड़ीं थीं। उन्हें देखकर यकायक ख़्याल आया कि जितनी बार लौटता हूँ हर बार कुछ न कुछ नया होता है इस शहर में बस जो नहीं बदलता वह है विजय चौधरी की दाढ़ी, स्टेशन पर सोए बेघर लोग, शराब ख़ाने जाते लोग, पिताजी की भौहें और माँ की आँखें।

मेरे समय का साहित्यकार

राजवर्धन
बी . ए . हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

लोगों के पास अपनी कला एवं भावनाओं को अभिव्यक्त करने के अनेक ज़रिए हैं, परंतु आज भी साहित्यिक विधाओं के माध्यम से अपनी भावनाओं को कागज़ पर उतार देना सबसे सशक्त ज़रिया माना जाता है और मेरे समय का साहित्यकार इसका सुंदर उपयोग करने में माहिर है।

आज के इस आधुनिक समय में भी जहां लोग केवल मनोरंजन हेतु सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं, मेरे समय का साहित्यकार उनमें से है जो अपनी लेखन शैली के बलबूते पर लोगों को सोंचने पर विवश कर देता है; जिसका नाम है – आशी। उनके साहित्य पर चर्चा करने से पहले उसकी पृष्ठभूमि पर चर्चा करना आवश्यक है ताकि उसकी शुरुआती साहित्यिक प्रेरणाओं पर थोड़ी रौशनी पड़े। आशी ने अपनी बारहवीं तक की शिक्षा 'संत जेवियर स्कूल, हजारीबाग (झारखंड)' से प्राप्त की है और वर्तमान में वह अपनी बी.टेक की पढ़ाई 'सप्तगिरी कॉलेज आफ इंजीनियरिंग, बेंगलुरु (कर्नाटक)' से पूरी कर रही है1

साहित्य में सर्वप्रथम रुचि का अनुभव उसे कक्षा आठवीं में हुआ जब 2017 में उसने 'वाग्मिता प्रतियोगिता' में भाग लेकर गुलज़ार साहब की कविता – 'पिछली बार भी आया था तो'सुनाई। परंतु कविता छोटी होने के कारण प्रतियोगिता जीत नहीं पाई। यहीं से कविता में उसकी रुचि बढ़ी और गुलज़ार की इसी कविता में उसने अपनी दो मौलिक पंक्तियाँ जोड़कर अपनी पहली कविता लिखी जो इस प्रकार हैं __

"ऊँचाईयों पर आना पसंद है तुम्हें,
हो भी क्यों ना, आदत जो है जीतने की,
देख मैं भी खड़ा हूं,
सबसे ऊँचा, तुम सब से ऊँचा,
लेकिन मुझे यहाँ जीत मिलती नहीं, दिखती है,

दिखती है उसकी खुशी।
आओ, तुम भी आओ इस ऊँचाई पर,
क्या पता इस बार हार में भी,
तुम्हें जीत की खूबसूरती दिख जाए।
हां बहुत कोशिश की सरोवर बनने की,
पर ऊँचा बन न सका।
कोशिश की मौसम बनने की,
पर रिश्ते निभा न सका।
बस पता नहीं था कभी कि,
हवाओं का भी एहसास होगा, सुकून का भी,
मेहनत का भी एहसाह होगा, दर्द का भी।

बस आंखें बंद कर सपने देखते रह गया मैं,
इसी पहाड़ के नीचे,
पिछली बार भी आया था तो।"

उसकी इस कविता के कारण उसे माता-पिता, दोस्तों एवं शिक्षकों; सभी से प्रोत्साहन मिला जिससे उसकी साहित्यिक विधाओं में दिलचस्पी बढ़ती चली गई।आशी जीवन की भिन्न परिस्थितियों को आधार बनाकर रचनाएं करती है और उसने लगभग सभी साहित्यिक विधाओं (कविता, कहानी, अनुच्छेद, उपन्यास, गीत आदि) को हिंदी एवं अंग्रेजी, दोनों ही भाषाओं में अभिव्यक्त करने का प्रयास किया है।

साहित्य के संदर्भ में उनका यह मानना है कि रचनाकार्य चित्त एवं हृदय, दोनों को शांत कर देता है और यह मनोभावों की अभिव्यक्ति का प्रमुख आधार है। साथ ही यह जीवन को देखने का एक नया नज़रिया प्रदान करता है और समाज में घट रही घटनाओं पर टिप्पणी का अनोखा ज़रिया भी है। इसके अतिरिक्त, लोगों के साथ जुड़ने का एवं तादात्म्य स्थापित करने का भी यह प्रमुख आधार है। साहित्य का दायरा बड़ा ही विस्तृत और विशाल है और इससे लोगों का एक बड़ा तबका जुड़ा है, परंतु साहित्य का लाभ होने के साथ-साथ कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है जिनमें 'सहिष्णुता' एक बड़ी चुनौती है। साहित्यिक रचनाएं धैर्य एवं सहिष्णुता की मांग करती है और इसमें काफी समय लगता है। अतः यह सबके बस की बात नहीं है।

इसके साथ ही अपनी रचनाओं को प्रकाशित करवाना बहुत मुश्किल होता है। उदाहरण के लिए – लगभग 20 - 30 जगहों पर भेजने पर केवल 2 -3 जगहों पर ही प्रकाशन संभव हो पाता

है। साहित्यिक रचनाएं आत्मनिष्ठ होती हैं, जिस कारण से पसंद-नापसंद व्यक्ति-व्यक्ति पर निर्भर करता है। हिंदी साहित्यिक रचनाओं का प्रकाशन अंग्रेज़ी की तुलना में कफी कठिन होता है क्योंकि इससे जुड़े लोग काफी परिपक्व होते हैं जिस कारण से नए रचनाकारों को कम मौका मिल पता है। केवल यही नहीं, अंग्रेज़ी की तुलना में हिंदी के नि:शुल्क मंच जहां रचनाओं का प्रकाशन होता है, काफ़ी कम हैं और भाषाई सीमाओं के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अंग्रेज़ी की तुलना में हिंदी का वर्चस्व सीमित है। साहित्य और रचनाकार के आने वाले भविष्य को लेकर उसका यह कहना है कि सोशल मीडिया के कारण कई नए रचनाकारों को विशाल स्तर पर पहचान मिल रही है और आगे भी मिलेगी, जो पहले संभव नहीं था। सोशल मीडिया के कारण आज के युवा भी साहित्य से काफी जुड़े रहते हैं और नए रचनाकारों का खुलकर सहयोग भी करते हैं। अब सभी के पास मोबाइल फोन होने के कारण जो साहित्य से अंजान थे, वे भी इससे जुड़ते जा रहे हैं, जिनमे हमारे माता-पिता भी शामिल हैं जो फेसबुक आदि के माध्यम से साहित्य से अपना लगाव बनाए रखते हैं और भविष्य में और भी लोगों की जुड़ने की संभावना है।

साहित्य के संदर्भ में अपने भविष्य को लेकर उसका एक सकारात्मक दृष्टिकोण है और वह यह मानती है कि निश्चित ही भविष्य में उसे सफलता मिलेगी। उसे खुद पर और अपनी रचनात्मकता पर खूब मेहनत करनी है ताकि उसकी रचनाएं और भी निखर कर सामने आ सकें। इसके अलावा भविष्य में विज्ञापनों के लिए आकर्षक उद्धरण लिखने का भी उसका खूब मन है।

साहित्य को लेकर उसका सुझाव कुछ इस प्रकार है – साहित्यिक मंचों की संख्या बढ़नी चाहिए जो नए रचनाकारों के लिए नि:शुल्क और सहायक हो। नए साहित्यिक मंचों को लेकर जागरूकता फैलानी चाहिए ताकि उन नए रचनाकारों तक बात पहुंचे जो अपने कलात्मक प्रदर्शन हेतु इच्छुक हैं। इसके साथ ही कविता, अनुच्छेद, कहानी, गीत, उपन्यास जैसी अन्य साहित्यिक विधाओं को सीखने हेतु प्रयासों को और बढ़ावा देना चाहिए ताकि वे लोग जो साहित्यिक विधाओं में रुचि रखते हैं, इन्हें सीख पाएं और अनुभवी कलाकारों के लिए यह एक कमाई का ज़रिया भी बन सके।

अंत में, उभरते कलाकारों को प्रेरित करते हुए आशी द्वारा लिखित कुछ पंक्तियां इस प्रकार हैं -

"सामने कतार लंबी है,
लंबी उतनी ही पीछे।
मंजिल सामने पुकार रही,
पर चिंता पीछे खींचे।
डर मत, बढ़ते जा
कदम बढ़ा और चलते जा।
अब खोल के पंख अपने,
इस आसमान को दिखाते हैं।
हम किसी से काम नहीं,
चलो, कुछ कर दिखाते हैं।

यातना और सहायता

निखिल श्रीवास्तव
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

दुनिया जैसे-जैस आगे बढ़ रही है। वक्त के पहिये की चाल आज भी वही है जैसी पहले थी किंतु उसी चाल से जैसे-जैसे वक्त की गाड़ी आगे बढ़ रही है बहुत कुछ बदल रहा है। ज़माना बदल रहा है, लोग बदल रहे हैं, शिक्षा बदल रही है, यहाँ ज़िंदगी जीने का सलीक़ा बदल रहा है।आदमी की ज़िंदगी से सादापन, व्यवहारिकता और सभ्यता जैसी बातें जैसे गायब ही हो गई हैं चलती-फिरती ज़िंदगी में आज बहुत कम ही लोग मिलते हैं जिनके पास अभी सोचने-समझने की शक्ति पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। ऐ खुदा मुझको शिकायत है तेरी मखलूक से, इश्कबारी देख जो रोती नहीं मगरूर हो। फूलदेवी अपने पति गणेश के साथ नेपाल से भारत आ, दोनों कुछ कमाने के लिए अपने जीवन को और आसान एवं सुविधाजनक बनाने की इचिछाओं को थामें उत्तराखंड के चमोली जिले में बस गए, क्योंकि उनके पास अपनी कोई जमीन जायदाद नहीं थी और न ही उन्हें विरासत में कुछ मिला उनकी खुद की जिंदगी उनके ही ऊपर भार थी क्या करें कहाँ जाएं कुछ समझ नहीं आ रहा था। कहने को इक्कीसवी सदी का दूसरा दशक खत्म हो चुका है दुनिया विकास के रथ पर चढ़कर आधुनिकता की सीढ़ी चढ़ रही है लेकिन एक तरफ

मजबूरी के कारण पैसा कमाने औसतन ग्रामीणों को शहरों की शरण में आना पड़ता है शहरों में इतनी आबादी होती जा रही है कि जैसे लगता है, मवेशियों का रेवड़ हर जगह विद्यमान है। खैर मैं अपनी कहानी पर आता हूँ। फूल का पति गणेश बहुत आलसी प्रवृत्ति का व्यक्ति था उसे नशा करने में बेहद आनंद प्राप्त होता था पर अभी तक उसकी ऐसी हिम्मत नहीं रही कि वो खुद जब चाहे ऐसा परम सुख भोगता रहे खैर फिर भी वह जहाँ रहता अपनी अय्याशी के लिए कोई-न-कोई मंडली खोज ही लेता था किंतु उसे अपनी पत्नी की कोई परवाह नहीं रहती थी चाहे खाए चाहे उपवास रखे। चमोली में उन्होने एक किराये के मकान में जैसे-तैसे रहना शुरू किया किंतु कोई खबर नहीं थी कि महीने के आखिर में किराया कैसे अदा करेंगे। पति ने जैसे-तैसे अखबार बेचने वाली नौकरी ढूँढ़ ली। गणेश संघर्षपूर्ण नौकरी करता था अखबार बेच-बेचकर जो पैसा कमाता था उसे भी अपनी अय्याशी में उड़ा देता था पत्नी उससे खौफ खाती थी फूल की जिंदगी आज चार सौ वर्ष पुरानी शोषित महिला की तरह थी। चमोली में बसने के एक वर्ष बाद और उनके विवाह के दूसरे वर्ष फूल को एक बच्ची हुई। उसका नाम उन्होने प्रीती रखा। किंतु इससे गणेश को कोई प्रसन्नता नहीं थी पुरुष प्रधान सोच वाले व्यक्ति के मन में लड़की की जगह कहाँ होती है आज लड़कियाँ सेना तक में अपना लोहा मनवा रही हैं पर उसको क्या। गणेश को तो मात्र अपने सुख के विषय में पड़ी रहती थी। इससे आप समझ सकते हैं कि एक परिवार संभालना कोई खेल नहीं हैं बेहद जिम्मेदारी का काम है। गणेश पत्नी की ही कोई फिकर नहीं करता था तो बच्ची की क्या मजाल। उसके दूध आदि की जरूरतों पर खर्चा करना भी गणेश फिजूलखर्ची समझता था वह नशे के जाल में फँस गया था शायद उसकी प्रवृत्ति ही बेकार रही होगी मैंने नशेबाज को भी नशा उतर जाने के बाद संवेदनशील होते देखा है। फूल स्वयं भूखा रह सकती थी मगर अपनी बच्ची के लिए सामान कहाँ से लाती। उसके लिए दूध कपड़े जैसी चीजें खुद कहाँ से लाती। इस वजह से फूल और गणेश के बीच अब रोजाना चिक-चिकबाजी होने लगी जिसका परिणाम मात्र यही होता कि फूल को मार-पीट जैसी यातनाएं सहनी पड़ती। वह अंदर से टूट रही थी। एक दिन उसके फिरे हुए पति का मस्तिष्क न जाने कहाँ फिर गया कि उस कुबुद्धि और पागल पति ने रात के अंधेरे में बर्फीली कपकँपा देने वाली ठंड में लड़-झगड़कर अपनी पतिव्रता पत्नी को बड़ी बेरहमी के साथ घर की चौखट से धकेल दिया और खुद शराब के नशे में धुत्त हर चीज़ से बेखबर सोता रहा न जाने उसकी मानवीयता कहाँ घास चरने चली गई थी। फूलदेवी अपनी गोद में बच्ची को थामे कपकपाती ठंड में कई दिन और कई रात बेचारी दर-दर भटकती रही। जब कोई आसरा नहीं मिला तो उसने अपने गाँव जाने का विचार बनाया हालांकि गाँव में भी उसका न कोई घर था न परिवार वह महिला दर-दर भटकती किसी की कृपा का सहारा खोज रही थी, कोई आसरा खोज रही थी जहाँ वह अपनी जिंदगी बसर कर सके जहाँ वह खुद का और अपनी बेटी का पेट पाल सके। बड़ा दुख होता है यह स्वीकारते हुए कि ऐसी घटनाएं किसी की कोरी कल्पनाएं नहीं बल्कि समाज की सच्चाई है। फूल का गाँव नेपाल के काठमांडु में स्थित था। फूल गाँव जाने के इरादे से सड़क पर निकली उसके पास तन पर कपड़ों के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं था। उसके सामने एक रिक्शा आकर रुका उसने रिक्शे पर बैठने के लिए कदम बढ़ाया और अपनी बच्ची के साथ रिक्शे में सवार हो गई। कुछ दूर चलने के बाद रिक्शे वाले ने किराया देने को कहा मगर फूल क्या कहती उसके पास तो एक तिनका भी नहीं था। वह चुपचाप मुँह नीचा किये बैठी रही जब दो बार किराये के जवाब में फूल ने कुछ नहीं कहा तो रिक्शाचालक को क्रोध आ गया। रिक्शा वाला गरजकर फूल को गालियाँ सुनाने लगा और उसने बड़ी बेरहमी के साथ उस बेचारी को रिक्शे से उतार दिया और उसे अपशब्द सुनाते हुए आगे बढ़ने लगा। तभी रिक्शे में सवार एक महिला को उस बेचारी पर दया आ गयी। कहीं-न-कहीं इंसानियत अभी भी किसी कोने में मौजूद है जो कभी-कभी लोगों को झकझोरती है कुछ अच्छा करने के लिए जगाती है। रिक्शे में सवार महिला जिसका नाम चंचल था उसने रिक्शे वाले को समझाया और रिक्शा वापस उसी स्थान पर ले जाने को कहाँ जहाँ उस फूल को बेरहमी के साथ उतार दिया था वहाँ पहुँचकर देखा तो पाया कि बेचारी फल एक कोने में सड़क के किनारे बैठकर सिसक रही थी चंचल ने उसे संभाला और उसके आँसू पोंछकर रिक्शे में बैठाया और चमोली बस स्टॉप तक अपने साथ ले गई और चंचल ने रिक्शे के किराये के साथ-साथ एक हजार रुपये फूल के हाथ में रख दिये फूल रोती रही क्योंकि वह इस विपरित स्थिति में थी कि मदद पाने के बावजूद रोती रही उसको चुप कराकर चंचल ने उसे बस स्टॉप पर छोड़ दिया और आगे वह न जाने किस तरह अपने किस दर पर पहुँची होगी, पता नहीं।

वक्त

अखिल जायसवाल
बी. ए. हिन्दी (विशेष) प्रथम वर्ष

भूली शाम ने फिर से सुबह का मुँह दिखाया है।
चौखट पे घोंसला लटका है हारिल और परिन्दे का,
वक्त ने अभिनय किया किरदार हीरो और गुण्डे का।
अपनाए जो पैंतरे थे वह सभी अब कैद हैं,
जो वक्त ने अब तक छिपाये खुल गये वो भेद हैं।
हो रहे हैं जो प्रकाशित पृष्ठ मेरी पत्रिका के,
है वक्त भी जिससे सुगंधित वो अंश मेरी मृत्तिका के।
बादलों में अब तिमिर की आँख सी भर आई है,
और वक्त की नुमांइदा चाँदनी ने दिन में नहाया है।

विगत की आपबीती से अब सूर्य सा ढलने लगा हूँ,
वक्त के ताप से जलकर मैं खुद में ही मरने लगा हूँ।
सूर्य का सातवां अश्व भी अब पकड़ा ही जाएगा,
वक्त की जंजीरों में इंसान को जकड़ा ही जाएगा।
वक्त की बढ़ती लगाम ने बेकाबू घोड़े सा दौड़ आया है,
मुड़ते हुए गंतव्य ने हर मोड़ सा, मुड़ना सिखाया है।
वक्त के मौसम ए तबीयत में तरुणाई सी छाई है,
वक्त ने ही बेपीर और खुदरंग सा मरहम लगाया है।
वक्त के लहजे ने दर को खटखटाया है,

इश्क

देवांश पुरोहित
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

क्या गजब का इश्क़ है, मेरा तुम्हारा
क्या गजब वाबस्तगी है ये हमारी
राबता क्या है हमारा कौन जाने
कौन जाने दोस्ती मेरी, तुम्हारी।
दर्मियां मेरे तुम्हारे क्या कशिश है
वो जो चंदा और चकोरों में हो वैसी
कौन कह पाएगा ये शब्दों में यारा
है नहीं कुछ शब्दों के ये अर्थ जैसी
आसमानों ने लिखी है ये कहानी
खूब कुदरत ने इसे है गुनगुनाया
ऐसा लगता है कि जैसे तुमको मुझको
जोड़ती है इक रूहानी कोई काया
क्या गजब का इश्क़ है मेरा तुम्हारा
बादलों ने गीत जैसे कोई गाया
तारो ने हो टिमटिमाकर सुर सजाया
या कहे फूलों की फिर हो कोई माया
जुगनूओ ने तीरगी जैसे मिटाई
हो हवाओं ने फिजा में रंग घोला
तुम मेरी हो मै तुम्हारा हूँ ये हमसे
एक दिन चुपके से आकर चाँद बोला
क्या गजब का इश्क़ है मेरा तुम्हारा,
क्या गजब वावस्तगी है ये हमारी
राबता क्या है हमारा कौन जाने
कौन जाने दोस्ती मेरी, तुम्हारी।।

निरुत्तर

आशुतोष सिंह
बी.ए .(प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

कितना अच्छा होता, यदि मैं स्पष्ट होता
मन और बुद्धि के बीच द्वंद न होता
कृष्ण की तरह में भी इनके भेद को समझता
लक्ष्य जानता, कर्म जानता और जानता योग
अगर जानता तो क्रोध,वात्सल्य का नही करता भोग
नही पालता रोटी और कोठी के लालच का ये रोग
परंतु माधव तो अवतारी थे, निराकारी थे,
क्या ये संभव है सामान्य के लिए
क्या ये संभव है, मुझ यौवन में मदमस्त विद्यार्थी के लिए
क्या ये संभव है, भूख से तिलमिलाए निर्धन के लिए
किस की तालाश में, सिद्धार्थ ने छोड़ा था घरबार,
जिसके लिए हर सन्यासी, कर देता है
समाज का परित्याग हरबार।।

क्या परमात्मा से मिलन के लिए समाज से विरक्त होना जरुरी है,
या इसके पीछे कोई छुपी हुई मजबूरी है,
क्या जो ये सब करता है, वो ईश्वर से मिल जाता है,
क्या जो ये सब करता है, वो कली से फूल की तरह खिल जाता है,
भय और लालच हमारे जीवन को चलाते हैं,
फिर क्यों यही हमें दुख और अवसाद की आग में झुलसाते हैं,
कहीं ये सब सोचना व्यर्थ तो नहीं
ईश्वर और अभौतिक की खोज निरर्थक तो नहीं !

बातें

असाई मोंडा
बी.एससी.(विशेष) मानव शास्त्र, तृतीय वर्ष

कभी कभी जी चाहता है बहुत - कुछ कहूँ
और कुछ सुनते ही रहूँ,
कुछ मेरी कुछ तुम्हारी,
कुछ उनकी जो हैं और जिनकी याद आती हैं - बातें,
कुछ कहकर भी न कही गईं
और जो चाहकर भी न सुनी गईं
कुछ जो मन हलका करें,
और जो आँखों में आँसू लाऐं
कुछ जो गुदगुदाएं और कुछ जो दिल दुखाएं - बातें,
कुछ रिश्ते बनाती - बिगाड़ती
कुछ आँसूं पोछतीं और सहलाती
न जाने ऐसी कितनी बातें है
हर दिन कुछ नई और यादों से भरी कुछ पुरानी - बातें,
बातें जो पुकारती जो हिम्मत भरती
कुछ जो राह दिखाती और बातें जो रंग भरती
एक पिटारा जिसे खोलते ही जीवन बदल जाता है
कुछ बातें सुनने - सुनाने में बड़ा मज़ा आता है
सच, वो बातें ही तो हैं जिसके सागर में डूबने को मन करता है
बातें, जिनकी छाया तले राह चलता कोई अपना- सा लगता है
कभी लगे यूं कहते कहते शाम ढल जाए
बस एक कप चाय पे कुछ बातें हो जाए
मेरी, तुम्हारी, कुछ उनकी जो है और जिनकी याद आती है - बातें,
जिसे इंतजार है तुम्हारी बातों का ?

इत्तफाक

पीयूष साही
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

गुलों का खिलना इत्तफ़ाक है,
तेरा मेरा मिलना इत्तफ़ाक है।
यादों की होती नहीं तस्वीरें,
मिलना बिछड़ना इत्तफाक है।

तितलियों से रंग उधार लेकर,
तेरा खिलना संवरना इत्तफ़ाक है।
मेरे हिस्से बस एक बोसा था तेरा,
बाकी जो मिल जाए इत्तफ़ाक है।

हथेलियों को नहीं आज़ादी यहां,
जो हाथों में हाथ आए इत्तफ़ाक है।
घूँघट उठाना तक तो मुक्कदर में है,
देख जो वो मुस्कुराए इत्तफ़ाक है।

बिछड़ गए लोग वास्ता देकर जो,
अगले शहर मिले तो इत्तफ़ाक है।

बाबा कैसे करते थे?

सलोनी भारती
बी.ए. अंग्रेज़ी (विशेष) द्वितीय वर्ष

जलता है मशाल इक सीने में
मेहनत है खून-पसीने में
कद छोटा पर उबाल खून में
जुबाँ पर तलवार वो रखते थे
मैं इतने में ही थक गई
बाबा कैसे करते थे?

उनकी तकलीफें, उनके आँसू, मेरी आँखों में न ज़ाहिर थे
कष्ट छुपाकर हँसने में तो, वो सबसे ज़्यादा माहिर थे
कैसे इतनी बाधाओं से, हालातों से लड़ते थे?
मैं इतने में ही थक गई, बाबा कैसे करते थे?

इस जग की झूठी काया में
जब हर कोई फँसा है माया में
सिर्फ राम-नाम का जाप नहीं वो
राम सा चरित्र भी धरते थे
मैं इतने में ही थक गई
बाबा कैसे करते थे?

शायद ही इतनी बड़ी बन पाऊँ
कि कर्ज़ कभी उनका मैं चुकाऊँ
उनसा श्रेष्ठ ना दूजा कोई
इससे बेहतर ना हो सकते थे
मैं इतने में ही थक गई
बाबा कैसे करते थे?

दर्द

रुद्र प्रताप सिंह
बी.एस.ई (विशेष) तृतीय वर्ष

ए दर्द तूने क्या-क्या देखा है ?
क्या किसी को कभी खुदसे बिछड़ते हुए देखा है?
किसी को रोज संभलते और फिर बिखरते हुए देखा है?
या किसी को उस दर्द में निखरते हुए देखा है ?
ए दर्द बता ज़रा तूने क्या क्या देखा है ?
किसी को किसी और के आंसू पीते हुए देखा है,
किसी का होते हुए भी क्या
किसी को किसी और का होते हुए देखा है ?
या भीड़ में भी किसी को तन्हाइयों से लड़ते हुए देखा है ?
गमों को दिल में लिए किसी को मुस्कुराते हुए देखा है,
सब कुछ होते हुए भी क्या किसी का सबकुछ खोते हुए देखा है?
क्या किसी को आंसुओ के बिस्तर पर सौते हुए देखा है,
या किसी के सपनों को किसी के पांवों तले कुचलते हुए देखा है?
खुद को दर्द देकर क्या किसी को किसी और को हँसाते हुए देखा है?
मैंने किसी को गलती पर भी इनाम पाते हुए देखा है
और किसी को बिन गलती के उम्र भर की सज़ा पाते हुए देखा है।
किसी को दो वक्त की रोटी के लिए मरते हुए भी देखा है,
ऐ दर्द मैंने दर्द को भी किसी के दर्द पर रोते हुए देखा है।
बता तो ज़रा ए दर्द तूने और क्या क्या देखा है?

मन:स्थिति

विकास
बी.ए.हिन्दी (विशेष) तृतीय वर्ष

प्रतिपल, क्षण-क्षण भय तेरे मन में है घर किए हुए,
मन में चलता है द्वंद, निर्दिष्ट स्थान मिले न मिले।
पर है क्यों तू इतना निराश ? रटता रहता अलाप।
अनवरत-आठों पहर कर पावक में स्वयं को समर्पित,
मन में माता-पिता को रख बस लक्ष्य को भेद मनु।
निश्चित ही फल अच्छा आएगा, मंजिल भी तू पाएगा।
आसमां भी फिर देख तेरे समक्ष मस्तक झुकाएगा।

अफजल वध

हर्ष यादव
बी.एस. सी (विशेष) तृतीय वर्ष

बढ़ते बढ़ते पाप की सीमा घर बारों में घुस आती थी,
आतंक देखकर उन मुगलों का, मौत भी लज्जा खाती थी।
दानवता का महा पुजारी, अफजल भी धूर्त प्रवासी था,
मूर्ति को खिलवाड़ समझता, हर मंदिर का जो नाशी था।

पाप पुण्य पर भारी जब भी पड़ने लगता है
मात भवानी की शक्ति से, तब एक वीर उभरने लगता है।
सुनकर अफजल के पापों को, राजे खुद को रोक रोक रह जाते थे
देख देख कर दानवता उसकी, मन ही मन बड़ा पछताते थे।

औऱ फिर भाग्य ने ऐसा खेल रचाया, न्यौता फिर मिलने का आया
चमक उठी आँखें राजे की, जैसे स्वप्न कोई है, सच हो आया।
और तब, प्रस्ताव किया स्वीकार, किया नहीं कोई इंकार
हर शर्त मान कर उस अफजल की, अकेले जाने को हो गए तैयार।

खेमे में खड़ा था दानव, अपने हाथो को फैलाए
देख मूर्खता उस अफजल की भाग्य भी हंसता जाए।
सिंहों की भांति तान के सीना, राजे आगे को आतें हैं
बांहों में जाकर फिर उस अफज़ल के गले भी लग जातें है।

पापी ने फिर पाप कर्म अपना दिखा दिया
धोखे से राजे को फिर बाँहो में था दबा लिया।
और निकाल खंजर को, पूरी शक्ति से वारों को बरसाने लगा
होता न कुछ देख राजे को, फिर मन ही मन घबराने लगा।

नरसिंह रूप धरा राजे ने, पेट अफजल खान का फाड़ दिया
और धर्म बचाने की खातिर, फिर शिव ने था भगवा गाड़ दिया।
उस वीर शिवा के वंशज है हम, मृत्यु से क्यूं घबराएंगे
आई आँच जो स्वाभिमान पर, हम काल से भी लड़ जाएंगे।।

पर्यावरण, मानव और विज्ञान

नितिन निहाल
बी. ए हिन्दी (विशेष) तृतीय वर्ष

मानव बुद्धि के साथ ही विज्ञान का विकास हुआ होगा क्योंकि जब आदिम काल के मानव ने फटते ज्वालामुखी के लावे में आईस्क्रीम की तरह पिघलते पेड़ पौधों और जीवों को देखा होगा तो उसका अस्तित्व भी काँपने लगा होगा। समंदर की सुनामी में जीवन के किनारे पर पड़ा। बड़े बड़े जलीय प्राणियों का तिनके सा शरीर देखकर सन्न रह गया होगा। तभी उसने ठाना होगा कि प्रकृति को समझेगा। अपने अस्तित्व को बचाने के लिए और सबके साथ जीने के लिए। वह बहुत हद तक अपने काम में सफल भी रहा पर उससे एक छोटी सी गलती हो गई कि वह अपनी औलादों को ये बता और जता ना सका कि इस विज्ञान का असली मकसद क्या था, क्या है और क्या रहना चाहिए। जिस तरह वक्त के साथ-साथ शब्दों के अर्थ बदल जाते है उसी तरह आज का इंसान वैज्ञानिक सिद्धांतों के भी अर्थ अपने हिसाब से समझने लगा है। डार्विन ने कहा स्ट्रगल फॉर एक्सिस्टेंस, एडॉप्ट, सरवाइव। 'पर इंसान के मोटे दिमाग ने धरती पर अपना इकलौता हक जताते हुए सहूलियत के लिए एक और शब्द जोड़ दिया, एक्सप्लॉयट ! मुझे दुःख है कि जो इतना मोटा दिमाग लेकर भी उपयोग और उपभोग में अंतर नहीं कर सकते। उनके लिए मैं तो क्या खुद प्रकृति भी कुछ नहीं कर सकती। ऊपर से अपनी खुराफात को छुपाने के लिए; सस्टेनेबल डेवलपमेंट' जैसे मोटे मोटे शब्द उस पर रख दिए, इस तरह के नए नए लुभावने शब्द हर रोज ईजाद हो रहे हैं जो एक्सप्लॉयट और उपयोग के बीच की खाई में बिल्कुल फिट बैठकर उनके बीच का अंतर मिटा सके। आजकल ये डार्विन और गॉस के ईवोल्यूशन व अंतर प्रजातीय प्रतियोगिता के सिद्धांतो को गलत साबित करने में लगे हुए है दूसरे फाईलम' और किंगडम' के जीवों के साथ खाने और जगह के लिए छीना झपटी करके। वास्तव में शोषण करने की प्रवृति की शुरुआत तभी से हो जाती है जब हम प्रकृति को अपनी ज़िंदगी का एक ज़रूरी हिस्सा मानते हैं। यह सोच मन ही मन हमें प्राकृतिक संसाधनों को अपनी मर्जी से उपभोग करने का अधिकार दे देती है। लेकिन हकीकत यह है कि हम प्राकृतिक तंत्र का एक बहुत छोटा और गैर जरूरी भाग हैं। जिसे मानने से हम हर तरह से बचते रहते हैं या नजर अंदाज करते रहते हैं। यह बात हम जितनी जल्दी समझ जाएं उतना ही भला होगा। एक और बात यह भी है कि इस सतत पोषणीय विकास की धारणा को असल ज़िंदगी में एक गरीब आदमी ही अपनाता है और अपना सकता है पर इसलिए नहीं कि उसे धरती को बचाना है बल्कि इसलिए कि गरीबी उसके पास प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ती तो यह उसकी मजबूरी बन जाती है। वहीं जो अमीर परिवार से हैं उनके पास पर्याप्त मात्रा में दौलत होने के कारण संसाधनों की कमी नहीं है क्योंकि आजकल पैसों से स्वास्थ्य के अलावा सबकुछ खरीद सकते हैं। उदाहरण के लिए शहर के प्रदूषित पानी और हवा को साफ़ करने के लिए धनवान अपने घर में फिल्टर लगा सकते हैं पर गांव के गरीब लोगों के पास हर छोटी छोटी चीज़ पर खर्च करने के लिए धन नहीं होता इसलिए वो प्राकृतिक और मुफ़्त के संसाधनों पर निर्भर रहते हैं और उनका बचाव करते हैं। यदि देखा जाए तो मूलभूत रूप में विज्ञान नाम की कोई चीज नहीं बची है। किसी भी विषय से पहले कुछ ऐसे शब्द जोड़ दिए गए हैं जिनका सीधा या उल्टा संबंध व्यापार से होता है जैसे ट्रांसलेशन, इंडस्ट्रियल। आजकल किसी व्यक्ति की रुचि किसी चीज को जानने व समझनें में कम है और अपने फायदे बनाने में ज्यादा है। बिजनेस मैन को वैज्ञानिक समझा जा रहा है और वैज्ञानिक बिजनेस मैन बनने की ताक में हैं। जिनके पास दौलत है, यदि हाँ, उनसे पूछेंगे कि आप धरती को बचाने के लिए क्या कर रहे हैं तो कहेंगे हम मंगल पर इंसान को बसाने की तैयारी में हैं।

हमने धरती की तबाही का समय बताने वाली घड़ी बनाकर उसकी देखरेख कर रहे हैं। हमने इसके लिए एक फाउंडेशन बनाया है। हम ये, वो प्रोग्राम चला रहे हैं, वगैरह वगैरह। जो लोग पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने वाले प्रोग्राम, मंगल पर जीवन, घड़ी के नाम पर दौलत खर्च कर रहे हैं, वो पैसे अगर ऐसे काम में लगे जिससे पर्यावरण का संरक्षण हो तो, में सबको आंखों के सामने सुधार दिखे तो इससे आए अच्छे परिणामों को देखकर लोग अपने आप ही जागरूक होकर सही रास्ते पर आ जायेंगे। क्योंकि लोग सिर्फ प्रत्यक्ष प्रमाण से मतलब रखते हैं। किसी की बात न मान कर हरकतों की नकल करते हैं जिससे सामने वाले के जैसा ही परिणाम मिले। अगर आप उनके सामने अच्छा उदाहरण पेश करेंगे तो वो भी आपका समर्थन करते हुए अनुगमन करेंगे। और आप सेलिब्रिटी हैं तो आप दुनिया में धरती की भलाई के लिए काम करने को ट्रेंड भी बना कर सकते हैं। फिर भी ऐसा नहीं हो रहा क्योंकि किसी को पैसे चाहिए तो किसी को प्रसिद्धि! यही कारण है किसी भी मुद्दे को नजरंदाज करने का आजकल एक आसान तरीका बन गया है कि उसके लिए एक दिन तय कर दिया जाए ताकि बाकी दिन उसके बारे में बिना सोचे भी आराम से बिता सकें। हमें प्रकृति को ये एक दिन के लिए याद करने से पहले हमारे पिछले घटिया कर्मों को सुधारने के बारे में सोचना चाहिए नहीं तो एक दिन आखिरकार ऐसा होगा कि सौ (चोटें) सुनार (मनुष्य) की, एक (मार) लुहार (प्रकृति) की।

तिलिस्मकारी

आयुष आव्रत
बी.ए.हिन्दी (विशेष) तृतीय वर्ष

ख़ुदा ने कितने प्यार से बनाई है ये दुनिया दोस्त
है कितने प्यार से बनाया तारों को सितारों को
हवा को, पानी को, घटा को, धूप, रूप, रात, दिन
ख़िज़ाँ को, फूल खारों को, बहारों को, हजारों को,
कि किस तरह बनाई खिरमनों की खेतों की ज़मीं
फिर उसपे कैसे-कैसे है बनाया काश्तकारों को
कि कितने एहतियात से बनाये ये दिमाग़-ए-दिल
मैं सोचता हूँ कैसे ढाला होगा पुर-ख़ुमारों को
कभी ये सोचना दुरुस्त कितने हैं ये हादसे
हसीन कितनी है हर एक शय के पीछे की दलील
कि कोई जुर्म कर न पाए इसलिए सिपाही हैं
किसी से भूल हो गई तो उसके वास्ते वकील
कोई भी हो मरज़ हर इक मरज़ की है दवा यहाँ
अगर कभी दवा न काम आई तो दुआ भी है
दवा दुआ के होते भी जो आदमी न बच सके
तो भूलो मत कि कोई चीज़ ख़्वाहिश-ए- ख़ुदा भी है
कि उस तिलिस्मकार की तिलिस्मी काएनात में
कहो कि क्या नहीं है एक दूसरे पे मुनहसिर
तमाम जिद्द-ओ-जहद के भी बाद मरना है अगर
ये ज़िंदगी सो सोचता हूँ दोस्त किसलिए है फिर
ये ग़म ये कहकशाँ ग़लत सही ये वो यहाँ वहाँ
जरूरतें मुसीबतें ये हसरतें ये मिन्नतें
कभी जो इसके नाम पे हज़ारों जंग टल गए
तो क्यों कभी तबाही का सबब बनी मुहब्बतें
मुझे तो लगता है ये कोई खेल है कि जिसमे दोस्त
सवालों के जवाब ढूँढना है मक़सद-ए-हयात
तिलिस्म के जवाब हैं हमारा हासिल-ए-वजूद
नहीं तो सोचो कोई क्यों बनाता ये तसव्वुरात
ये रौशनी सवाल थी तभी तो बल्ब बन सका
तवील रास्तों का ही जवाब हैं ये गाड़ियाँ
तुम्हे पता है पहली मर्तबा कि किसने कब कहाँ
रची थीं किन सवालों के जवाब में कहानियाँ
मैं देखता हूँ फोन तो कभी कभी हूँ सोंचता
किसी के कोई लफ़्ज़ लफ़्ज़ सुनने को तरस गया
उसी से बात करने की ही कोशिशों ने आख़िर
हम ऐसे आशिक़ों को और जहाँ को कितना कुछ दिया
वो देख लोगों के बनाए चाँद ये नदी पे बाँध
ये खिड़कियाँ दर-ओ-दीवार ये फ़सीलें ये हिसार
कि बात जब समाज की समाज तक नही गई
तो फिर बना दिया गया किसी को एक पत्रकार
कई ख़्याल थे कि जिनको शक्ल मिल गई मगर
अभी बहुत सवाल हैं जवाब जिनके पाने हैं
लगे हुए हैं सब के सब अलग अलग और एक साथ
यक़ीन कर कि उनके भी जवाब मिल ही जाने हैं।

आधार

सारांश मिश्रा
बी.एस.सी (विशेष) कंप्यूटर साइंस

मुट्ठी भीच कर आया है जो
हाथ पसार कर जाएगा
सब जानते हुए भी मानव
कुछ भी समझ नहीं पाएगा
मोह को कह दो खराब कितना भी
लिप्त उसी में होना है
माया है में मिथ्य फिर भी
भाव उसी में जोहना है
जन्म मरण से मुक्ति कहते
चौरासी लाख अभिव्यक्ति कहते
बात विरोधभास है पर
आँख मूंद कर शक्ति कहते
रचने वाले संसार बता
क्यों रचा है तुमने ये संसार
था पूर्ण अगर हुआ कैसे
तुझमे काम का विस्तार
उपाय तो तुम देते हो कितने
समस्या का तुम क्यों आधार
जो तुम भी सत् नहीं हो तो
तो, किसने गढा ये संसार।

कुछ था जो अब नहीं रहा

विनम्र शर्मा
बी.ए.अंग्रेज़ी (विशेष) प्रथम वर्ष

कसूर कसूर करते रह गए
पर कसूर कभी मिला नहीं
दिल में दबे अरमानों को
पर कभी मिला नहीं सोचता था कभी

उसके सपनों में खुद को पा जाऊँ
उसके सपनों के लिए जी जाऊँ
पर पता चला,
ना जाने खुद कैसे, वो सपने देखने वाला ही,
अब आंखों के सामने रहा नहीं

वो अब रहा नहीं ये मुझे पता है
पर ये बेचारा जाने क्यों नहीं मानने को तैयार है
अरे, छोड़ चुकी है वो तुमको इसको क्यों नहीं मानते
हर दिन बेसब्र होके, रातें क्यों बिताते
कभी करवटें बदल कर
कभी आसुओं के दरिया में
आखिर रोज़ क्यों खुद को तलाशते?

इन दुनिया वालों के नाटक भी अलग हैं,
क्या हुआ, क्या हुआ पूछ
मेरे ज़ख्मों को ना भरने देते हैं
जब भरने की बारी आयी,

तो उस लफ्ज़ों से फिर ज़िंदा करते हैं
पूंछते हैं मुझसे,
ओ अकीदतमंद, क्या सबब है तुम्हारा,
ज़रा हमें भी तो बतलाओ
ज़रा हम भी तो जानें कि क्या हैं ये सब तुम्हारे
पर जनाब,
ये भी कभी समझ ना पाए
ये भी कभी जान ना पाए
अरे कैसे समझाऊँ हाल ए दिल
इस बेदर्द दुनिया को...

क्योंकि खुद को समझाने के लिए अब
मेरे ही पास खुद कुछ अब रहा नहीं
और जो रूह बन के आते थे इस जिस्म में कभी
वो खुद अब इस जिस्म में रहे ही नहीं।

अपने नगर

युगांश शर्मा
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

चलो चलें जी अपने नगर,
उस स्नेह के भवन, पतली सी डगर।
जहाँ नहीं खड़े हों 'स्वार्थ-मगर',
जहाँ प्रेम भरें प्रीतम के अधर।

यहाँ कहाँ वह राज दुलार?
वह यार भाव, माता का प्यार।
वह बाग़ों के मिठियारे फल,
उल्लास भरे उन्मादी पल।

यहाँ नहीं वहाँ सी बात सनम,
यहाँ विद्यमान है स्वार्थ करम।
यहाँ नहीं किसी को पूछे कोई,
जिसपर हो धन, राजा ही सोई।

तुम भी चलो मेरे ही शहर,
जहाँ प्रेम बंटे चारों ही पहर।
जहाँ हर कोई अपना माने है,
जहाँ श्वास गति भी पहचाने है।
जहाँ अर्थ नहीं बस चलता धर्म,
जहाँ बची अभी है लाज शर्म।

संतोष हो जिसको 'खाटी' का,
अभिमान जिसे हो माटी का।
जिसको हो प्रिय हृदय विशाल,
जो न ओढ़े हो तृष्णामृग छाल।

वह चला चले मेरे उस नगर,
उस स्नेह के भवन, पतली सी डगर।
जहाँ नहीं खड़े हों 'स्वार्थ-मगर',
जहाँ प्रेम भरें प्रीतम के अधर।

सिया राम

गरिमा राघव
बी.ए. हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

वो अंतिम क्षण
नि:शब्द हुए वे महाज्ञानी
जब अंतिम क्षण प्रकट हुई
माता सीता रानी
व्याकुल हृदय मन विचलित हुआ
सम्मुख देख प्रिये सीते को
प्रभु राम का हृदय प्रफुल्लित हुआ
समय चक्र से क्या कोई विजय पाया है
प्रभु ने भी हर जन्म प्रेम गवाया है।

राम संवाद
कैसे बतावे सीते तोहे मनोस्थिति
मेरे जीवन में प्रेम का स्थान सदैव तुम्हारे लिए रिक्त थी
तुम दूर थी परंतु सदैव समाहित रही
खुद से ना जाहिर हो पाए हृदय व्यथा
कुछ प्रश्न ही करो सीते जरा
मेरा हृदय सदैव मानता
तुम्हारे पवित्र मन को जानता
मौन रहकर हूँ मैं व्याकुल
कैसे करूँ मैं इजहार सम्मुख
रघुकुल रीति मैंने अपनाई
प्राण जाये पर वचन न जाए
यदि स्मरण रहती स्थिति
तो कभी न लेते
इस रीति का भार
दो पल साथ तुम्हारा होता
कुछ तो जीवन साथ गुजारा होता
यूँ न अंतिम क्षण हमारा होता।

सिया संवाद
प्रभु यूँ मौन रहकर नेत्रों से
न मन ही मन शब्दों से यूँ प्रहार करो
मैं सदैव तुम्हारी हूँ मुझ पर विश्वास करो
ये सौभाग्य मैंने पाया है
इस जन्म आपको पाया है।
परंतु अब समाहित मुझको हो जाने दो
इस प्रजा के सम्मुख आने दो
ना ये फिर प्रश्न प्रहार करें
युगों युगों तक
सिया राम की जय जयकार करें
ये मेरा सौभाग्य है
अब अंतिम क्षण मैं जाती हूँ
नेत्रों से कुछ अश्रु छलकाती हूँ
हे प्रभु ये कैसा अंतिम क्षण आया
आपके कोमल से नेत्रों में अश्रु की धारा लाया।

सुबह

जय प्रकाश
बी.ए. हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

उस सुबह की याद में,
मैं आज भी सोया ना था।
दिन गए और मास गए,
पर वह सुबह पाया ना था।

ख्वाब मेरा एक सुबह का,
उस पर यूँ मैं अड़ पड़ा।
रात की चमगादड़ो पर,
बिन सुझाए चढ़ पड़ा।

वह सुबह जो मैंने देखी,
वह कभी थी या नहीं,
झूठ हो या हो फसाद,
मेरी वह सच्चाई सही।

लोगों ने झूठा ये माना,
रात को वह पूजते।
इक सबेरे सच के लिए,
वह न बिलकुल जूझते।

जूझा जो, वह ना बचा,
बच पड़ा, वह भागरा।
इक सवेरे की ये खातिर,
रात भी न जागरा।

अंत मैं वह सुबह एक दिन तो,
यूँ की आई ही थी।
सुबह के चाहने वालों को,
वह सुबह न पाई थी।

मरजाद की विरासत

आशीष कुमार
एम. ए. (हिंदी) उत्तरार्द्ध

कितना आसान होता है धर्म परिवर्तन करना
परिवर्तन करवाने को उत्सुक पहला,
दूसरे के धर्म पर अपनी विजय का परचम लहराता है
पक्ष का गौरव और अपक्ष अपनी संस्कृति की विरासत से
डरता हुआ हार जाता है।

फिर भी कितना आसान होता है, धर्म का बदलना
नहीं बदल सकते तो अपनी 'जाति'
जो पीढ़ियों के गुमान का क़तरा है
अलर्क ने परशुराम को कुरेद-कुरेद कर याद दिलाया था
